यदि निर्णय यह हो कि बच्चे को किसी बड़े नुकसान का खतरा नहीं है तो बच्चे और परिवार को थोड़ा समर्थन प्रदान करने के बारे में चर्चा हो सकती है और बैठक समाप्त हो जाती है।
यदि निर्णय लिया जाता है कि बच्चे को अविरत बड़े नुकसान का खतरा है तो एक बाल संरक्षण योजना तैयार की जाएगी और उस पर सहमति व्यक्त की जाएगी। बच्चे का नाम बाल संरक्षण सूचना प्रणाली (CPNS) में शामिल किया जाएगा। एक बाल संरक्षण योजना तैयार करने और बच्चे को CPNS में सूचीबद्ध करने का निर्णय एक बहुत ही गंभीर निर्णय है और इसे सिर्फ वहीं लिया जाता है जहाँ इस बात के साफ़ संकेत होते हैं कि बच्चे को माता या पिता या दोनों के दुर्व्यवहार या उपेक्षा से किसी बड़े नुकसान का खतरा है।

बाल संरक्षण योजना क्या है?

इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने में बच्चे और उनके माता-पिता की मदद करना है कि बच्चे को नुकसान से सुरक्षित रखा गया है और बच्चे के जोखिम को कम कर दिया गया है। यह कई तरह से हो सकता है, इसका मतलब यह हो सकता है कि माता-पिता को पालन-पोषण कक्षाओं या किसी तरह की सलाह सेवा में शामिल होना या अपने बच्चे को अपोइन्टमेन्ट के लिए लाना या प्रोफेशनलों को घर पर बच्चे से मिलने देना चाहिये। हमारा लक्ष्य योजना से संबंधित निर्णय लेने में माता-पिता और बच्चों को शामिल करना है। सम्मलेन के बाद माता-पिता को अंतिम योजना की एक कॉपी भेजी जाएगी और एक सामाजिक कार्यकर्ता को मुख्य कार्यकर्ता नाम दिया जाएगा जो यह सुनिश्चित करेगा कि योजना तैयार हो गई है।

बाल संरक्षण सूचना प्रणाली (CPNS) क्या है?

उन बच्चों के नाम रिकॉर्ड करता है जिन्होंने बाल संरक्षण सम्मलेन में की गई सहमति के अनुसार बाल संरक्षण योजनाएं ली हैं। CPNS को सिर्फ लोगों के एक बहुत ही छोटे समूह द्वारा एक्सेस किया जा सकता है, जैसे डॉक्टर या गर्दाई, जिन्हें बच्चे की सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

बाल संरक्षण सम्मलेन
माता पिता के लिए सूचना

हम लोग बड़ी सख्ती से CPNS तक पहुंच को नियंत्रित करते हैं और सिर्फ उन्हीं लोगों को पहुंच की अनुमति देते हैं जिनके पास जानकारी तलाशने के लिए एक बहुत अच्छी वजह होती है। एक बच्चे के नाम को या तो सक्रिय या निष्क्रिय के रूप में सूचीबद्ध किया जाएगा।

सक्रिय का मतलब है कि वे अब से एक बाल संरक्षण योजना में हैं क्योंकि यह तय किया गया है कि उन पर फ़िलहाल किसी बड़े नुकसान का खतरा मंडरा रहा है और उन्हें सुरक्षित और अच्छा रहने के लिए सहारे की जरूरत है।

निष्क्रिय का मतलब है कि पहले उन पर किस बड़े नुकसान का खतरा था और अतीत में उन्होंने एक बाल संरक्षण योजना ली थी। बच्चे को सुरक्षा और अच्छा रहने के लिए सहारे की जरूरत हो सकती है।

जैसे ही कोई बच्चा 18 साल का हो जाता है, सूची से उस बच्चे का नाम पूरी तरह निकाल दिया जाता है।

माता-पिता को यह बताने के लिए एक पत्र दिया जाएगा कि उनके बच्चे का नाम CPNS में है। जहाँ एक बच्चा एक बाल संरक्षण योजना का हिस्सा होता है और सक्रिय रूप में सूचीबद्ध होता है, वहाँ यह सुनिश्चित करने के लिए छः महीने के भीतर एक समीक्षा बैठक जरूर होनी चाहिए कि योजना काम कर रही है। समीक्षा का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या बच्चे पर मंडराने वाला खतरा कम हो रहा है या क्या उसे आगे और सहारे की जरूरत है।

यदि समीक्षा में यह तय होता है कि बच्चे पर अब कोई खतरा नहीं मंडरा रहा है तो CPNS में उसकी स्थिति को निष्क्रिय कर दिया जाएगा और माता-पिता को एक पत्र दिया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क करें:

बाल संरक्षण सम्मलेन

माता पिता के लिए सूचना

TUSLA
An Ghníomhaireacht um Leanaí agus an Teaghlach
Child and Family Agency

Hindi

बाल एवं परिवार एजेंसी क्या करती है?

तुस्ला, बाल एवं परिवार एजेंसी, यह सुनिश्चित करने के लिए परिवारों के साथ मिलकर काम करती है कि बच्चों की देखभाल की जाती है और उन्हें नुकसान से सुरक्षित रखा जाता है। हम समझते हैं कि माता-पिता ढेर सारी कठिन चुनौतियों का सामना करते हैं और पालन-पोषण हमेशा आसान नहीं होता है। हम लोग माता-पिता को तरह-तरह का सहयोग प्रदान करते हैं जिन्हें शायद किसी भी वजह से अपने बच्चे का पालन-पोषण करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हो। हम लोग चिल्ड्रेन फर्स्ट का अनुसरण करते हैं जो – राष्ट्रीय मार्गदर्शन है जो हमें यह बताता है कि हमें उन बच्चों की मदद करने के लिए क्या करना चाहिए जिन पर नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। हमारे पास बाल संरक्षा सम्मेलनों के बारे में भी दिशानिर्देश हैं।

बाल संरक्षण सम्मेलन क्या है?

जब हमें किसी बच्चे की सुरक्षा चिंता होती है तब हम और ज्यादा जानकारी हासिल करने के लिए उनके माता-पिता, अध्यापक और बच्चे के जीवन से जुड़े अन्य लोगों से बात करेंगे। यदि हमें लगता है कि बच्चे पर किसी बड़े नुकसान का खतरा हो सकता है तो हम एक बैठक का इंतजाम करने का फैसला कर सकते हैं जिसे बाल संरक्षण सम्मेलन कहा जाता है। बाल संरक्षण सम्मेलन यह पता लगाने में बच्चे के जीवन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की मदद करता है कि बच्चे की जरूरतें क्या हैं और यह तय करने में भी मदद मिलती है कि बच्चे पर दुर्व्यवहार या उपेक्षा से किसी बड़े नुकसान का खतरा मंडरा रहा है या नहीं। यह बच्चे की जरूरतों को पूरा करने और उस पर मंडराने वाले नुकसान के खतरे को कम करने के लिए एक योजना बनाने में हमारी मदद भी करता है। यह महत्वपूर्ण नुकसान एक एकल घटना (हमला) या घटनाओं की एक श्रृंखला (उपेक्षा) हो सकती है जो बच्चे के विकास या भलाई में बाधा डाल सकता है, बदलाव ला सकता है या नुकसान पहुंचा सकता है।

सम्मेलन में कौन शामिल होता है?

बाल संरक्षण सम्मेलन में आम तौर पर बच्चे के माता-पिता शामिल होते हैं और बैठक से पहले एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ मिलकर या शामिल होकर (यदि उपयुक्त हो) शामिल किए जाने वाले बच्चे को भी आमंत्रित किया जाता है।

माता-पिता सहारे के लिए अपने साथ किसी और को भी ला सकते हैं। चूंकि इन बैठकों में अक्सर व्यक्तिगत, निजी जानकारियों पर चर्चा की जाती है, इसलिए यह जरूरी है कि सहायक व्यक्ति पर इस बात का भरोसा किया जा सके कि वह बैठक में जो कुछ सुनेगा उसका सम्मान करेगा और उसे गुप्त रखेगा। माता-पिता को सामाजिक कार्यकर्ता को बता देना चाहिए यदि उनके साथ कोई सहायक व्यक्ति आ रहा है और उनका नाम भी बता देना चाहिए। सहायक व्यक्ति सम्मेलन में किसी निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भाग नहीं लेता है और माता-पिता की जगह सम्मेलन में शामिल नहीं हो सकता है।
आम तौर पर वहाँ बच्चे का सामाजिक कार्यकर्ता, एक सामाजिक कार्य प्रबंधक या एक नोट टेकर मौजूद होता है। एक प्रशिक्षित सम्मेलन अध्यक्ष बैठक का प्रभार लेता है। आम तौर

पर, एक अध्यापक, एक लोक स्वास्थ्य नर्स, एक फैमिली डॉक्टर, एक अभिभावक या परिवार के साथ काम करने वाले अन्य सेवा कर्मियों को उपस्थित रहने के लिए कहा जाता है।

यदि बच्चे के जीवन से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित नहीं हो सकता है तो उन्हें बैठक में एक रिपोर्ट भेजने के लिए कहा जा सकता है। माता-पिता को सम्मेलन के दिन संबंधित रिपोर्टों की कॉपियां प्राप्त होती हैं।
रिपोर्टों के लेखकों को सख्ती के साथ सम्मेलन से पहले माता-पिता से बात करने का सुझाव दिया जाता है ताकि माता-पिता को उस दिन कोई नई जानकारी सुनने को न मिले।

सम्मेलन में कौन-कौन से फैसले लिये जा सकते हैं?

सम्मेलन में, हम लोग यह पता करने में हमारी मदद करने के लिए बच्चे के जीवन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के विचार सुनेंगे कि क्या बच्चा सुरक्षित है और क्या उसकी अच्छी तरह देखभाल की जाती है और क्या उनकी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। हम लोग बच्चे पर मंडरा रहे किसी खतरे के बारे में भी बात करेंगे। माता-पिता अपने बच्चों को सबसे अच्छी तरह जानते हैं इसलिए हम लोग सबसे आसान तरीके से अपने विचारों का साझा करने में माता-पिता की मदद करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग एक पत्र के साथ-साथ बैठक में शामिल होकर इसे करने का विकल्प चुनते हैं। हम लोग शामिल बच्चे के विचारों को भी बड़े ध्यान से सुनते हैं। सम्मेलन का आयोजन एक खुले, ईमानदार और सम्मानित तरीके से किया जाता है।

सभी रिपोर्टों और माता-पिता समेत, सम्मेलन में मौजूद सभी लोगों के सभी विचारों को सुनने के बाद, मौजूद प्रोफेशनलों से पूछा जाएगा कि क्या उन्हें लगता है कि बच्चे पर किसी अविरत बड़े नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। साझा किए गए सभी विचारों पर ध्यान दिया जाएगा और निर्णय आम तौर पर प्रोफेशनल सहमति पर आधारित होता है, जहाँ यह संभव नहीं होता है वहाँ अध्यक्ष अंतिम निर्णय लेता है और सभी विचारों या असहमतियों को नोट किया जाता है।